# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर।

**सेवा में,**

प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय नजारत/
नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर)
जनपद न्यायालय सीतापुर।

**पत्रांकः** मेमो /डी.एल.एस.एस./2024 दिनांकः 10.06.2024

**विषयः** पराविधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति के सन्दर्भ में।

**महोदय,**

सादर अवगत कराना है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर में नालसा द्वारा कार्यान्वित पी0एल0वी0 स्कीम के अनुसार मुख्यालय स्तर पर एवं तहसील स्तर पर पी.एल.वी. गणों की नियुक्ति की जानी है। मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा कार्यान्वित पी.एल.वी. स्कीम के अनुसार–पैरालीगल वैलेन्टियर/पराविधिक स्वयं सेवकों का मनोनयन किये जाने हेतु जनपद सीतापुर में निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

उक्त मनोनयन हेतु जारी विज्ञप्ति का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना है, इस क्रम में मनोनयन की विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है तथा विज्ञप्ति जनपद न्यायालय सीतापुर के नोटिस बोर्ड व मुख्य स्थानों पर चस्पा किया जाना है।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि सम्बन्धित कर्मचारी उपरोक्त कार्य हेतु आदेशित करने की कृपा करें।

**दिनांकः 10.06.2024**

**संलग्नकः**–विज्ञप्ति तथा आवदेन पत्र का प्रारूप।

**(नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी)**
**अपर जिला जज/सचिव,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**सीतापुर।**

**प्रतिलिपिः**–मा. जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर को अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।

**(नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी)**
**अपर जिला जज/सचिव,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**सीतापुर।**

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–सीतापुर।

## विज्ञान संख्याः–01/2024 दिनांक–07.06.2024

परा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

**यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नही है।**

**कौन आवेदन दे सकते हैः–**

1. ऐसे व्यक्ति **'महिला/पुरूष'** जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते है तथा उनके लिए कार्य करना चाहते है। इनमें सेवा निवृत शिक्षक सहित, सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आगंनबाडी कार्यकर्ता, डाक्टर, छात्र गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह जीविका, आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हो **"अधिवक्ता को छोडकर"** आवेदन दे सकते है।
2. यह भी सूचित किया जाता है कि जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर के पी.एल.वी. 2023–2024 के है, उन सभी का कार्यकाल दिनांक–30.06.2024 को समाप्त हो रहा है। अतः जो पी.एल.वी. 2023–2024 के है वो सभी **अपना आवेदन 2024–2025 के लिए फिर से दे सकते है।**

**परा विधिक स्वयं सेवक के कार्यः–**

पराविधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सौंपे जायेगें।

चूँकि परा विधिक स्वयं सेवकों से गॉवों या गॉवों के समूह में कार्य लेना है। अतः जिले के सभी क्षेत्रों से परा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर जिला मुख्यालय एवं समसत तहसील पर कार्य करने हेतु किया जायेगा।

**आरक्षणः–**

क्योकि परा विधिक स्वंय सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नही है अतः पदों का आरक्षण नही है। परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गों को प्रतिनिधत्व दिया जाएगा।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण–पत्र लगाकर आवेदन के साथ पंजीकृत डाक टिकट लगाकर अपना पता लिखा लिफाफा अधोस्ताक्षरी को **दिनांक–25.06.2024 को सायं–5:00 बजे तक आवेदन स्वयं या उचित माध्यम से इस कार्यालय में जमा कर सकते है।**

"साक्षात्कार की तिथि और समय की सूचना कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं व्यवहार न्यायालय, की वेबसाईटः– www.district.ecourts.gov.in/sitapur पर दी जायेगी।

**मानदेयः—**

रूपयेः—400 / —प्रतिदिन परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकरण उनकों विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है एवं यह मनोनयन एक वर्ष 2024—2025 के लिए है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी वेब साईटः— www.district.ecourts.gov.in/sitapur पर देखा जा सकता है।

**सामान्य अनुदेशः—**

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. स्वस्थ हो।
3. अच्छा चरित्र हो।
4. बिना धन लाभ की इच्छा के समाज सेवा मे रूचि रखता हो।
5. उस पर कोई आपराधिक मुकदमा न हो। **(इस आशय का शपथ—पत्र दाखिल किया जायेगा)**
6. उसका / उसकी उम्र 30.06.2024 को न्यूनतम् 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक हो।

**आवेदन प्रेषित करने का पताः—**

अपर जिला जज / सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जनपद न्यायालय परिसर सीतापुर।
पिन कोडः—261001

**आदेशानुसार**
**अपर जिला जज / सचिव,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**जनपद—सीतापुर।**

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर।

## परा विधिक स्वयं सेवक के लिए आवेदन–पत्र

**विज्ञापन संख्याः–01/2024**

नवीनम् फोटो

1. पद का नामः–.................................................................................
2. आवेदक का नामः–..........................................................................
3. आवेदक के पिता/पति का नामः–......................................................
4. जन्म तिथिः–.................................................................................
5. आवेदक का स्थाई पताः–.................................................................................................................................

.....................................................................................................................................................
6. आवेदक का वर्तमान पता थाना सहितः–..........................................................................................

.....................................................................................................................................................
7. शैक्षणिक योग्यताः–....................................................................................................................

.....................................................................................................................................................
8. आवेदक की जातिः– सामान्य वर्ग/ पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातिः–.........................................................................................का प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
9. आवेदक की श्रेणी ''महिला/पुरूषः–..........................................................................
10. आवेदक किस क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैः– मुख्यालय स्तर/तहसील स्तर.
11. अनुभवः–..............................................................................................................................

.....................................................................................................................................................
12. आवेदक का मोबाईल नम्बरः–अति आवश्यक हैः–................................................................

मै घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण पूर्णतः सत्य है तथा इनमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या गलत सूचना का जिम्मेवार मै होउगॉ/होउंगी।

**तिथिः–..........................**

**स्थानः–.........................**

**आवेदक के हस्ताक्षर**